जून 2026

₹ 20

# समाजवादी बुलेटिन




## भाजपा सरकार का हाल

# यूपी में जनता बेहाल

R.N.I. No. 68832/97

जब तक समाज के आखिरी आदमी के चेहरे पर मुस्कान नहीं आएगी, तब तक समाजवाद अधूरा है। सच्चा समाजवादी अन्याय के आगे कभी सिर नहीं झुकाता। अत्याचार, अन्याय से आमजन को मुक्ति दिलाना ही समाजवादी पार्टी की पहचान है।

**मुलायम सिंह यादव**

संस्थापक, समाजवादी पार्टी



# समाजवादी बुलेटिन

जून 2026

वर्ष 27 | संख्या 08


## PDA काव्य विचार

डबल इंजन के दावों में जनता त्रस्त,
खुद की तारीफों में हुक्मरान व्यस्त।
सत्ता के नशे में कानून पड़ा बेजान
अपराधी घूमें सीना ताने,
यही बनी है यूपी की पहचान।
PDA का अभियान,
2027 में बदलेगा जंगलराज का विधान॥

सौम्या
बहराइच

*प्रिय पाठकों,*

*PDA काव्य विचार के लिए आपकी स्वरचित लघु कविता का स्वागत है। केवल उन्हीं लघु कविताओं पर विचार किया जाएगा जो PDA केन्द्रित, सुस्पष्ट, मौलिक, न्यूनतम 4 से 6 लाइनों में टाइपशुदा होंगी। अपनी लघु कविता ईमेल teamsbeditorial@gmail.com पर अपने नाम और पते के साथ भेजें।*


प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक

**प्रोफेसर रामगोपाल यादव**

☎ 0522 - 2235454

samajwadibulletin19@gmail.com

bulletinsamajwadi@gmail.com

Mob:- 9598909095

/samajwadiparty

समाजवादी पार्टी के लिए

19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित

अवध पब्लिशिंग हाउस, 8 पान दरीबा, लखनऊ से मुद्रित

R.N.I. No. 68832/97


# अंदर


साइकिल:पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का प्रतीक 38





10 कवर स्टोरी


## भाजपा सरकार का हाल यूपी में जनता बेहाल




## विजन इंडिया


छोटे कारोबारियों की मदद करेगी समाजवादी सरकार 04





समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव 14 जून को आगरा में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री यादव ने विजन इंडिया कार्यक्रम में 'छोटा कारोबारी-कारोबार क्यों हो रहा बर्बाद' विषय पर सारगर्भित विचार रखे।


इंडिया गठबंधन के जरिये पीडीए को मजबूत करने में जुटे अखिलेश 08

अखिलेश के दौरों से बन रहा PDA का माहौल 24




# छोटे कारोबारियों की मदद करेगी समाजवादी सरकार

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव 14 जून को आगरा में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री यादव ने विजन इंडिया कार्यक्रम में 'छोटा कारोबारी-कारोबार क्यों हो रहा बर्बाद' विषय पर सारगर्भित विचार रखे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा की अपनी पहचान है। आगरा का दुनिया भर में महत्व है। यहां विजन इंडिया का फोकस छोटे कारोबारी, कारोबार क्यों हो रहा बर्बाद? विषय पर है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जब तक कारोबारी सम्पन्न नहीं होगा तब तक खुशहाली नहीं आएगी। छोटे कारोबार करने वालों के लिए बड़ी सोच के साथ बात करनी है। सपा सरकार में 2012 से 2017 के बीच आगरा और आसपास के जिलों में बहुत काम हुए थे। समाजवादी पार्टी चाहती है छोटा व्यापार हो या दुकान, सबके चेहरे पर आए मुस्कान। सोने की चिड़िया सी चहके अपना हिन्दुस्तान।

उन्होंने कहा कि पहले आगरा से लखनऊ पहुंचने के लिए बहुत समय लगता था। समाजवादी सरकार में विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे बनाकर हमने आगरा को लखनऊ से जोड़ा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे रिकार्ड समय में बनाया। मेट्रो परियोजना को भी आगे बढ़ाया।

आगरा में मेट्रो समाजवादी सरकार की देन है। आगरा इनर रिंग रोड बनाने का फैसला लिया। ताजमहल की वजह से बड़ी संख्या में सिर्फ कारोबारी ही नहीं उनके परिवार भी कारोबार से जुड़े हैं। हमारी कोशिश रही कि ताजमहल आगरा की संस्कृति और हिन्दुस्तानियत, यहां के आर्किटेक्चर, कल्चर को एक जगह लाने के लिए म्यूजियम बनाने का काम किया जाए। वह केवल मुगल म्यूजियम नहीं था। वह आगरा और इतिहास का म्यूजियम था।

श्री यादव ने कहा कि म्यूजियम का नाम बदला है। हमने कहा था म्यूजियम छत्रपति शिवाजी के नाम पर हुआ है लेकिन हम उनकी माता जीजा बाई के योगदान को नहीं भूलेंगे। समाजवादी सरकार में यहां पर मां जीजा बाई को सोने की प्रतिमा लगाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि उद्योगों को विकसित करने के लिए एचसीएल के संस्थापक शिव नाडर से बातचीत कर उनके सुझावों पर अमल कर रिकार्ड समय में लखनऊ आईटी सिटी बनाने का काम किया। उसी का परिणाम है कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा के बाद एचसीएल का सबसे अच्छा ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट लखनऊ में बना है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में आने वाले समय में आगरा में आईटी सिटी बनाएंगे। आगरा में यमुना नदी पर लखनऊ के गोमती नदी की तरह सबसे अच्छा रिवरफ्रंट बनाएंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में आगरा स्मार्ट सिटी घोषित हुई लेकिन कोई काम नहीं हुआ। सड़कों में गड्ढे हैं। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नहीं हो पाया। पर्यटन क्षेत्रों में गंदगी है। दुनिया में कहीं भी पर्यटन क्षेत्रों और शहरों में गंदगी नहीं दिखती है।

समाजवादी सरकार विशेष पैकेज देकर साफ-सफाई और पर्यटक क्षेत्र का विकास करेगी। वेस्ट टू एनर्जी बनाने तथा उसकी सुविधाएं बढ़ाएंगे। ड्रेनेज शहरों की बड़ी समस्या है। उसे ठीक कराएंगे। बिजली सस्ती और 24 घंटे देने का काम करेंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हम छोटे-बड़े उद्योगों और कुटीर उद्योगों के लिए काम करेंगे। आगरा को ट्रैफिक में सुधार करेंगे। औद्योगिक क्षेत्र की भूमि को एकमुश्त भुगतान के साथ फ्री होल्ड बनाया जाएगा। एमएसएमई नीति लागू की जाएगी। लघु उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। महिला उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। माइक्रो सेक्टर के उत्थान के लिए और छोटे उद्यमियों के लिए विशेष काम करेंगे। बाजार स्थापित करेंगे। कारीगरों के लिए 10 लाख दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। कारीगर कल्याण और आय आयोग का गठन किया जाएगा, जिससे कारीगरों के परिवारों के आय में सुधार हो। उनका शोषण न हो सके।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा के साथ फिरोजाबाद के कांच उद्योग को बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। फिरोजाबाद में कांच अनुसंधान केन्द्र बनाकर वहां के कामगरों को बढ़ाएंगे। फिरोजाबाद चूड़ी उद्योग को सस्ती बिजली दी जाएगी। महिला कामगारों को 40 हजार रुपये की मदद की जाएगी। हर परिवार में एक उद्यमी विकसित किया जाएगा।

मथुरा में चन्द्रोदय मंदिर के निर्माण और टाउनशिप के विकास में कुछ बाधाएं आ रहीं थी। समाजवादी सरकार ने बाधाओं को दूर किया था जिससे मंदिर निर्माण और






टाउनशिप डेवलप हुई। जब भूमि पूजन के लिए मुझे बुलाया था उसी एक दिन में कारोबारियों ने 40 करोड़ चंदा देकर काम बढ़ाया था।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में मथुरा-वृंदावन, बरसाना के हेरीटेज को सुरक्षित करते हुए उस क्षेत्र को इकोफ्रेंडली बना कर विकास करेंगे। फतेहपुर सीकरी की प्राकृतिक झील को अच्छा बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि आगरा में टूरिज्म ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, अन्तर्राष्ट्रीय कंवेशन सेंटर बनाएंगे। समाजवादी सरकार ने लखनऊ में जेपी एनआईसी बनाया था लेकिन भाजपा सरकार ने काम रोक दिया। वह दस साल से वैसे ही खड़ा है। आने वाले समय में लखनऊ के साथ आगरा में इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनाएंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इधर युवाओं को लेकर बड़ी चिंता है। पेपर लीक हो जाते हैं। परीक्षाएं नहीं हो पाती हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार इस पर ठोस कदम उठाएगी। नौजवानों के नौकरी, रोजगार के लिए फैसले लेगी। आगरा में जूता उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। आगरा में लेदर डेवलपमेंट बोर्ड बनाएंगे। गंभीर बीमारी में मुफ्त इलाज की व्यवस्था, श्रमिकों के इलाज के लिए 15 लाख तक मदद करेंगे। आगरा में पंचकुइयां मंडी की दुकानें महंगी हैं, सरकार में आने पर दूसरा बाजार भी बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में बीमारी से श्रमिकों की मृत्यु होने पर दस लाख रूपये से परिवार की मदद होगी। श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए सीबीएससी आईसीएसई मॉडल स्कूल खोले जाएंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने छोटे कारोबारियों को बर्बाद कर दिया। यूपी की असली ताकत छोटे कारोबारी है। इससे 6 करोड़ लोग जुड़े हैं। इसे बढ़ाने की जरूरत है। छोटा कारोबार यूपी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भाजपा सरकार छोटे कारोबारियों को परेशान करती है। सरकार ने छोटे कारोबारियों को हटाने का काम किया।

समाजवादी सरकार छोटे कारोबारियों को हटाने नहीं बसाने का काम करेगी। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य छोटा कारोबार



बढ़े। अर्थव्यवस्था में छोटे कारोबारियों का योगदान बढ़े। छोटा कारोबारी खुशहाली की बुनियाद है। हम लोग छोटे कारोबारी की मदद के लिए आए हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर हफ्ता वसूली बंद होगी। डर का अंत होगा। समाजवादी सरकार वेंडर सुरक्षा हेल्पलाइन शुरू करेगी। बारिश में कमाई जारी रहे उसके लिए काम करेंगे। जून और अगस्त में सहायता राशि देंगे। परिवार चलाने के लिए पॉलिसी बनाएंगे। कम लागत पर बीमा कराएंगे। ठेले वालों को विशेष सब्सिडी देंगे।

छोटे कारोबारियों को डिजिटल दुनिया से बराबरी का मौका देंगे। उन्हें डिजीटल से डर नहीं होगा। बिना गिरवी के लोन दिया जाएगा। बिजली की समस्या का समाधान होगा। ऑनलाइन कारोबार से मुकाबला के लिए छोटे कारोबारियों को ट्रेनिंग और सुविधाएं दी जाएगी।

बुनकर, कारीगर को सम्मान और सही दाम दिया जाएगा। भाजपा सरकार ने ओडीओपी को मदद नहीं दी। असुविधाएं पैदा की। हम बड़े एप्स की मनमानी पर रोक करेंगे। जीएसटी की मनमानी खत्म करेंगे। टैक्सी चालकों की समस्या खत्म करेंगे। सुविधाएं बढ़ाएंगे। ई-टैक्सी पर डेढ़ लाख मदद की जाएगी। मुफ्त चार्जिंग सुविधा दी जाएगी। आईटीआई को मजबूत किया जाएगा।

श्री यादव ने कहा भाजपा की योजना बड़ों को बढ़ाओ-छोटों को मिटाओ की है। यह सरकार बड़े उद्योगपतियों के कहने पर नीतियां बनाती है और उनसे सीधा चंदा लेती है। यही भाजपा सरकार की व्यापार नीति है। भाजपा बड़े लोगों के मुनाफे में अपना कमीशन जोड़ देती है। भाजपा की नीतियों से महंगाई बढ़ती है।






# इंडिया गठबंधन के जरिये पीडीए को मजबूत करने में जुटे अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव पूरी ईमानदारी, समर्पण के साथ पीडीए समाज की मजबूती, उनके अधिकारों को लेकर सजग हैं। इंडिया गठबंधन के जरिये श्री यादव पीडीए समाज के मुद्दों को धार दे रहे हैं और उनका पहला एजेंडा है कि पीडीए समाज के अधिकारों की रक्षा की जाए।

श्री यादव ने पहले भी पूरी ईमानदारी के साथ इंडिया गठबंधन को मजबूत किया और लोकसभा चुनाव 2024 में पीडीए समाज के जरिये गठबंधन को ऊंचाइयां दीं। एक बार फिर श्री यादव गठबंधन की गांठ को मजबूत करने में जी जान से जुटे हुए हैं।

8 जून को जब नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई गई तो श्री अखिलेश यादव ने अपने व्यस्त समय से समय निकाला और

गठबंधन की बैठक में शामिल हुए। 25 दलों की बैठक में श्री अखिलेश यादव के मुद्दों को समर्थन मिला। बैठक में भी श्री अखिलेश यादव ने पीडीए समाज के अधिकारों की वकालत की।

बैठक में भी श्री यादव के मुद्दों को समर्थन मिला। जातीय जनगणना कराने, आरक्षण खत्म करने की भाजपा की साजिश के खिलाफ संघर्ष करने और गठबंधन के दलों को एकजुट होकर संसद के सत्र में मुद्दों को उठाने पर सहमति मिली।

उल्लेखनीय है कि सभी विपक्षी दलों के बीच श्री यादव एक अलग पहचान बना चुके हैं। देश की राजनीतिक फलक पर श्री यादव की पहचान गठबंधन धर्म निभाने, एकता की गांठ को मजबूत करने वाले राजनेता के रूप में स्थापित हो चुकी है इसलिए उन्हें काफी तवज्जो दी जाती है।

श्री यादव की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी पीडीए समाज की ही बात करते हैं और उनकी चिंता में पीडीए समाज के अधिकार ही होते हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले जब जातीय जनगणना कराने की मांग उठाई तो पूरे देश से उन्हें समर्थन मिला।

श्री यादव का स्पष्ट मानना है और यही सत्य भी है कि जब तक जातियों की गणना नहीं होगी तब तक आबादी के हिसाब से योजनाएं कैसें बनेंगी। उन्होंने देशभर में माहौल बनाया कि जाति की गिनती की जाए और जिसकी जितनी आबादी उसी मुताबिक योजनाओं में उसकी हिस्सेदारी तय हो।

श्री यादव के इस मुद्दे पर देशभर के राजनीतिक दलों को मंथन करना पड़ा और भाजपा को छाेड़कर कमोबेश सभी दलों ने उनकी मांग का समर्थन किया। कुछ राज्यों ने जातीय जनगणना कराने का ऐलान भी कर दिया।

भाजपा की मंशा हमेशा से ही पीडीए समाज के अधिकारों को छीनने की रहेगी इसलिए उसने इस बारे में खामोशी अख्तियार कर ली।

जगजाहिर है कि भाजपा पीडीए समाज के बारे में लगातार साजिश कर रही है। पीडीए समाज को मिले आरक्षण को खत्म करने की उसकी साजिशें कई बार श्री अखिलेश यादव ने नाकाम की हैं।





# भाजपा सरकार का हाल यूपी में जनता बेहाल

बुलेटिन ब्यूरो

'उत्तम प्रदेश' का दावा करने वाली भाजपा के राज में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था तार-तार हो चुकी है। भ्रष्टाचार हर फाइल की शर्त बन गया है, बेरोजगारी नौजवानों का कलेजा चीर रही है और महिलाओं-बेटियों की इज्जत पर रोजाना हमले हो रहे हैं।

व्यापार तबाह है, किसान बेहाल है और दलित-पिछड़े-अल्पसंख्यक उत्पीड़न की आग में झुलस रहे हैं। उत्तर प्रदेश का चौतरफा बुरा हाल है। आए दिन होने वाले कत्लेआम से जनता खौफजदा है। महंगाई चरम पर है। नौकरशाही पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। बिजली व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी है।

भाजपा राज में अयोध्या में राम मंदिर में आने वाले चढ़ावे में भी चोरी हो रही है। यह चोरी कब से हो रही है, कहां नहीं जा सकता। पहले चोरी से इनकार करने वाली भाजपा सरकार की तब भद पिट गई जब कर्मचारियों की अकूत संपत्ति उजागर होने और लाखों रुपए कैश बरामद होने की चर्चा होने लगी। मजबूरन भाजपा सरकार को एसआईटी जांच का आदेश करना पड़ा। भाजपा को मालूम है कि सत्ता जा रही है









इसलिए उसने चुनाव में धांधली कर सत्ता में बने रहने के लिए मनचाहे अफसरों की जिलों में तैनाती शुरू कर दी है। जाति के हिसाब से अधिकारियों की पोस्टिंग की जा रही है। पीडीए समाज को हाशिये पर रखा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में हत्याएं अब खबर नहीं, रोज़ का नियम बन गई हैं। बेटियों की इज़्ज़त सरेआम नीलाम हो रही है और पुलिस 'एनकाउंटर' के नाम पर सवाल पूछने वालों की जुबान हमेशा के लिए बंद कर रही है। हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि हाईकोर्ट से भाजपा सरकार को फटकार पड़ रही है।

यूपी में किस तरह जंगलराज कायम हो चुका है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता में छात्रा से ऑटो में गैंगरेप हुआ। लड़की ने 1090 पर तीन बार कॉल की, एक सिपाही तक नहीं आया। जब वीडियो वायरल हुआ तब FIR लिखी गई।

यहां उल्लेखनीय है कि समाजवादी सरकार में महिला सुरक्षा के लिए कायम हुए 1090 पर तब 10 मिनट के भीतर महिलाओं तक मदद पहुंचती थी मगर इस व्यवस्था को सरकार ने छिन्न-भिन्न कर दिया है।

गाजियाबाद के लोनी में व्यापारी सुनील जैन को दुकान में घुसकर भून दिया गया। CCTV में हत्यारे साफ दिखे, मगर पुलिस ने उल्टा 12 व्यापारियों पर ही मुकदमा कर दिया।

19 अप्रैल 2026 को बरेली में ज़मीन के लिए एक परिवार को ज़िंदा जला दिया गया। 4 महीने से पीड़ित थाने के चक्कर काट रहा था।

पेपर लीक की वजह से छात्र-नौजवान परेशान हो रहे हैं। परीक्षार्थी आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। 3 जनवरी 2026 को RO/ARO का पेपर लीक हो गया। 6 जनवरी को 60,000 पुलिस भर्ती के लिए 52 लाख फॉर्म पड़े। सर्वर बैठ गया।

तीन दिन तक परीक्षार्थी रेलवे स्टेशन पर भूखे सोये। सरकार ने परीक्षा कैंसिल कर दी। इन हालात पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव लगातार BJP से सड़क से लेकर सदन तक लड़ रहे

हैं।

यूपी को अखिलेश यादव जी के 2012-2017 वाला दौर याद आ रहा है। जब 1.5 लाख पुलिस भर्ती बिना लीक के हुई थी। जब लैपटॉप बंटते थे, लाठियां नहीं। जब गुंडे जेल में थे और व्यापारी चैन से दुकान खोलता था।

अब जनता मान चुकी है कि 2027 में समाजवादी सरकार बनानी है ताकि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना हो सके। यही वजह है कि अब PDA यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक और अगड़ों में ग़रीब–सब एकजुट हैं।

बूथ स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा हो चुका है। गांव-गांव PDA की चौपाल लग रही है। भाजपा की साजिशों, धांधली को रोकने के लिए हर बूथ पर 10-10 नौजवान तैनात हैं। ये चुनाव किसी दल का नहीं होगा बल्कि 25 करोड़ पीड़ितों-मजलूमों की इज़्ज़त का चुनाव होगा।

PDA सिर्फ चुनावी गठजोड़ का नाम नहीं है बल्कि सामाजिक क्रांति है। यह उन 85% लोगों की आवाज है जिन्हें सदियों से हक और सम्मान से वंचित रखा गया। यह उन किसानों की लड़ाई है जिनकी आय दोगुनी करने का वादा जुमला निकला। यह उन नौजवानों का आंदोलन है जिनका पेपर लीक कराया गया। यह उन माताओं-बहनों की उम्मीद है जो अस्पताल में इलाज के अभाव में दम तोड़ देती हैं।

भाजपा राज से परेशान यूपी का हर पीड़ित, हर मजलूम, हर शोषित PDA की तरफ देख रहा है। उसे पता है कि भाजपा राज में उसे सिर्फ लाठियां, महंगाई और अपमान मिला है। बिजली बिल ने कमर तोड़ रखी है। इलाज के अभाव में अपने दम तोड़ रहे हैं। बच्चों को नौकरी के बजाय लाठियां मिल रही हैं।

ऐसे में जाहिर है कि 2027 अब सिर्फ चुनाव नहीं, हक और हुकूमत की लड़ाई है। भाजपा के पास झूठे वायदों, धांधली और प्रशासनिक दुरुपयोग के सिवा कुछ नहीं बचा। PDA के पास जनता का भरोसा, बूथ का संगठन और श्री अखिलेश यादव का साफ-सुथरा विजन है। तैयारी बता रही है कि

## PDA सिर्फ चुनावी गठजोड़ का नाम नहीं है बल्कि सामाजिक क्रांति है। यह उन 85% लोगों की आवाज है जिन्हें सदियों से हक और सम्मान से वंचित रखा गया

इस बार विधानसभा में किसी दल की नहीं, एक समुदाय की सरकार बनेगी। 90% पीड़ितों, मजलूमों, दबे-कुचलों की सरकार बनने पर थानों में इंसाफ मिलेगा, तहसीलों से दलाली खत्म होगी। 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी।

जाहिर है कि अराजकता, भ्रष्टाचार और बेलगाम नौकरशाही से त्रस्त यूपी अब बदलाव मांग रहा है और 2027 में यह बदलाव PDA के जरिए आएगा।

राजनीतिक जानकार अब मजबूती के साथ कह रहे हैं कि भाजपा सरकार में अजिज़ आ चुकी जनता ने माहौल बना दिया है। 2027 में यूपी में PDA की सरकार बनना तय है। सरकार बनने पर श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में फिर से कानून का राज आएगा, ख़ौफ़ का नहीं। फिर लैपटॉप चलेंगे, बुलडोजर नहीं। फिर रोज़गार मिलेगा, एनकाउंटर नहीं। जनता की तरफ से स्पष्ट जनादेश है कि 2027 में आ रही है PDA की सरकार।

# अयोध्या में चढ़ावे और चंदे की चोरी



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के धर्म का मतलब धन है। भाजपा सरकार के संरक्षण में भगवान राम की नगरी अयोध्या में भारी भ्रष्टाचार और जमीनों की लूट, घोटाला हुआ है। सत्ता के संरक्षण में गरीबों की दुकाने और जमीनें छीनी गईं। भाजपा नेताओं ने ट्रस्ट को कई गुना ज्यादा दाम पर जमीनें बेचीं।

17 जून को प्रेस कांफ्रेंस में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरह से कुंदरकी उपचुनाव में सीसीटीवी बंद कर वोट चोरी हुई, वैसे ही अयोध्या में सीसीटीवी बंद कर चढ़ावा की चोरी और चंदा चोरी हो गई। चढ़ावा चोरी की एसआईटी जांच हो रही है लेकिन एसआईटी की जांच कौन करेगा।

श्री अखिलेश यादव ने राम नगरी में गोरखधंधा पर समाजवादी आडिट-2 रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का गोरखधंधा चल रहा है। भाजपा के अंडरग्राउंड अनरजिस्टर्ड साथी देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर रहे हैं। भाजपा और इनके साथियों ने कभी केयर फंड, चंदा और गुरू दक्षिणा का हिसाब नहीं दिया। अयोध्या में किसानों और गरीबों की जमीनों का बाजार भाव से मुआवजा नहीं दिया गया।

समाजवादी पार्टी लगातार अयोध्या में हो रहे भ्रष्टाचार और घोटाले के खिलाफ आवाज उठाती रही है। अब तो संतों और समाज के अन्य वर्गों ने भी आवाज उठानी शुरू कर दी है। संत समाज भी कह रहा है कि राम मंदिर के चंदे में लूट खसोट हुई। भक्तों के पैसे का पूरा हिसाब क्यों नहीं दिया जाता है।

भाजपाई भी जानते हैं कि राम मंदिर के चंदे में बड़ा घोटाला हुआ है। भाजपा की मातृ संस्था विश्व हिन्दू परिषद ने मंदिर के नाम पर भक्तों से 14 सौ करोड़ रूपये जुटाए थे, वह पैसा कहां गया, हिसाब कहां है?


श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर स्तर पर लूट मची है। महंगाई, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। इस सरकार में अमीर और अमीर हो रहा है। गरीब और गरीब होता जा रहा है। किसान को खाद, बीज नहीं मिल रहा है। पेट्रोल में इथेनाल की मिलावट है। डीजल महंगा हो गया है। गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है।

भाजपा भेदभाव और नफरत फैलाकर जनता के मुद्दों से ध्यान हटाना चाहती है। जनता महंगाई पर नियंत्रण चाहती है। भेदभाव की राजनीति नहीं चाहती है। जनता भाजपा से ऊब चुकी है। वह भाजपा को हटाने को तैयार है। समाजवादी पार्टी की 2027 में सरकार आ रही है।

समाजवादी पार्टी जनता को विकास के रास्ते पर ले जाएगी। किसानों को सुविधाएं देगी, नौजवानों को नौकरी, रोजगार मिलेगा। सभी का सम्मान होगा। पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। शिक्षकों के मुद्दों को चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करेंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की विदेश नीति फेल है। किसानों को खाद-बीज नही है। भाजपा किसानों को गेंहू के सीजन में भी खाद, यूरिया, डीएपी नहीं दे पाएगी इसीलिए नवंबर में विधानसभा चुनाव कराने का भ्रम फैला रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा देश में लोकतंत्र खत्म कर रही है। दूसरे दलों में तोड़फोड़ करती है। भाजपा संविधान के रास्ते पर नहीं चलती है। जनता देख रही है कि भाजपा किस तरह से लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी मजबूत पार्टी है। समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती से भाजपा का मुकाबला कर रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के विधायक पाला बदलने को तैयार हैं लेकिन उन्होंने कह दिया है कि भाजपा विधायकों को नहीं लूंगा।







# सड़क पर उतरे समाजवादी

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी युवा प्रकोष्ठों के नौजवानों ने नीट पेपर लीक व बेतहाशा मंहगाई, बेरोजगारी, डीजल-पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के विरोध में 22 मई को लखनऊ स्थित हजरतगंज चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती मंहगाई और पेपर लीक को लेकर सरकार के विरोध में नारे लगाए।

तानाशाह भाजपा सरकार ने अपने खिलाफ उठी आवाज को कुचलने के लिए पुलिस बल को आगे कर कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसवाईं, सड़क पर घसीटा, अभद्रता की। कई युवा कार्यकर्ता घायल हुए मगर सरकार युवा समाजवादियों के हौसले को पस्त नहीं कर पाई और युवा समाजवादी साथी डटे रहे। बाद में पुलिस ने इन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर बसों में भर कर इको गार्डेन भेज दिया।

प्रदर्शन में सर्वश्री राम प्रकाश मौर्य पूर्व जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर, राज साहनी बलिया उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, आशुतोष आशू प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी युवजन सभा, इं अभिषेक सिंह यादव उन्नाव प्रदेश सचिव समाजवादी छात्र सभा, शिवशंकर लोधी उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, अंकुश यादव अमेठी प्रदेश सचिव युवजन सभा, राज कुमार गौतम, अखिलेश यादव अयोध्या प्रदेश सचिव युवजन सभा, कुणाल मौर्या, राज यादव कौशांबी, प्रवेश यादव अंबेडकरनगर, सौमित्र शाहजहांपुर, प्रवेश कुमार लखनऊ राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, लवकुश यादव, दीपक महाकाल, शुभम यादव मऊ, दिनेश लोहिया, नगेन्द्र लोधी, शुभम यादव, गोलू यादव, जीतू कश्यप प्रदेश सचिव छात्र सभा, राजू यादव राजीव कुमार राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा, रविकान्त, अजीत कुमार, विकास कुमार, अखिलेश यादव बस्ती, जर्नादन यादव राठ हमीरपुर, शिवकेश, केशव प्रजापति, देवेश लोधी, मोनू यादव लखनऊ, गणेश शंकर, पंकज कुशवाहा छात्र सभा गाजीपुर, विकास यादव विशु, मुलायम सिंह यादव प्रदेश सचिव छात्र सभा, संवरिया शिवम यादव, रवि प्रकाश आदि शामिल रहे।

राजधानी लखनऊ के अलावा प्रदेश के दूसरे जिलों में भी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग दिनों में नीट पेपर लीक व बढ़ती महंगाई पर जोरदार प्रदर्शन किया।

# पीडीए को निशाना बनाने के खिलाफ सपा मुखर



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में निर्दोष लोगों पर मुकदमा दर्ज कर प्रताड़ित करने वाले पुलिस वालों की शिकायत की है। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में पुलिस उत्पीड़न के मामलों का जिक्र करते हुए बेलगाम पुलिस वालों पर अंकुश लगाने की मांग की।

ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से गाजीपुर करण्डा थानाध्यक्ष द्वारा अनिल यादव और उनके परिवार पर फर्जी मुकदमा लगाकर फंसाने की उच्च स्तरीय जांच कराने और उत्पीड़न रोककर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की। हरदोई की शिल्पी कुशवाहा हत्याकाण्ड में शामिल अन्य अपराधियों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह और श्री सुनील सिंह साजन ने पुलिस महानिदेशक को दिए ज्ञापन में कहा कि गाजीपुर जनपद के करण्डा थाना के कटरिया ग्राम सभा के प्रधान पद के पूर्व प्रत्याशी अनिल सिंह यादव से नाराजगी और बदले की भावना के कारण वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह आशु तथा थानाध्यक्ष करण्डा द्वारा अनिल यादव के भाई सुनील यादव जो आर्मी में एनएसजी में कमाण्डो है और दूसरे भाई विक्की यादव को फर्जी तरीके से फंसाया जा रहा है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के इशारे पर थानाध्यक्ष करण्डा संतोष कुमार पाठक ने अनिल सिंह यादव और उनके भाइयों पर संगीन धाराओं में बीएनएस 2023 की धारा अन्तर्गत 109 (1) 191(2), 191(3), 190, 115(2) 125, 132, 351 (3) 353 (2) अधिनियम 1932 के धारा-7 तहत मुकदमा दर्ज किया है। घर पर मौजूद अनिल सिंह यादव की माता और छोटी बहू को थानाध्यक्ष करण्डा द्वारा लगातार बिना महिला कांस्टेबिल के घर पर जाकर गाजी गलौज और मारपीट तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

थानाध्यक्ष करण्डा पुलिस कर्मियों के साथ 28 अप्रैल 2026 की रात्रि 11 बजे घर पर आए और घर का ताला तोड़कर काफी सामान और ज्वेलरी उठा ले गए जिसकी सूचना डायल 112 और 1090 पर दिया गया है। थानाध्यक्ष करण्डा और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह आशु की सीडीआर निकलवाने पर सारी सच्चाई सामने आ जाएगी।

ज्ञापन में बातया गया कि प्रशासन द्वारा अनिल यादव की मां को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके पैतृक निवास को बुल्डोजर से गिराने की धमकी दी जा रही है। अनिल यादव को करण्डा पुलिस तथा जिला प्रशासन द्वारा फर्जी एनकाउण्टर करने की धमकी दी जा रही है। अनिल यादव के भाई आर्मी में एनएसजी कमांडो सुनील यादव को नौकरी नहीं करने देने और छोटे भाई विक्की यादव को कहीं नौकरी करने लायक नहीं छोड़ने की धमकी दी जा रही है। थानाध्यक्ष करण्डा संतोष पाठक और सत्येद्र दुबे सहित छह अन्य द्वारा घर पर मौजूद निजी वाहन ट्रैक्टर, बोलेरो, पिकप कार और मोटर साइकिल को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने दूसरे ज्ञापन में हरदोई की शिल्पी हत्याकांड में शामिल अन्य अपराधियों, साजिशकर्ताओं शिवा ठाकुर, अश्वनी ठाकुर, मानेन्द्र सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने तथा पीड़ित परिवार को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की।

# यूपी में कत्ले-आम पुलिस बेलगाम



बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो गई है। हर रोज कत्लेआम हो रहा है। गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक रोजाना हत्या की घटनाएं दिल दहला रही हैं। हालात इतने बेकाबू हो गए हैं कि पूरे उत्तर प्रदेश में दहशत का माहौल है। दिनदहाड़े सड़क पर खून बह रहा है और पुलिस बेलगाम हो चुकी है।

नतीजा यह है कि अपराधी बेखौफ होकर कत्लेआम कर रहे हैं। लखनऊ में रियल एस्टेट कारोबारी और बागपत में टेंट कारोबारी व पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई और पुलिस भ्रष्टाचार में लिप्त रही। यूपी के हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि अब हाईकोर्ट भी सख्त टिप्पणी कर रहा है। भाजपा सरकार में महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है और पुलिस फर्जी एनकाउंटर करने में जुटी है। एनकाउंटर में भी पीडीए समाज के नौजवानों को चुन चुनकर मारा जा रहा है। फर्जी एनकाउंटर को लेकर भाजपा गठबंधन के दल अगर आवाज बुलंद कर रहे हैं तो उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की धमकी देकर चुप कराया जा रहा है और ये दल सत्ता की लालच में खामोश हो जा रहे हैं।

मंत्री का खुलेआम एनकाउंटर को फर्जी बताना साबित करता है कि भाजपा सरकार में हो क्या रहा है। बुलडोजर की कार्यवाही भी पहचानकर की जा रही है। हालात इतना ज्यादा बिगड़ चुके हैं कि अब हाईकोर्ट भी तल्ख टिप्पणी कर रहा है। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी हालात बयां करने के लिए काफी है कि पुलिस वाले सरकार को खुश करने के लिए बेजा हरकतें कर रहे हैं।

निर्दोष को गिरफ्तार करने के मामले में दो लाख रुपये का जुर्माना लगाना भी पुलिस की बेलगाम छवि को उजागर करने के लिए काफी है।

प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजधानी लखनऊ में भी दिन दहाड़े हत्याएं हो रही हैं। अपराधी बेखौफ हत्याएं कर रहे हैं। अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। अपराधियों में पुलिस प्रशासन का भय नहीं है। प्रदेश में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक हर दिन हत्या की कई-कई घटनाएं हो रही है। राजधानी में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। दिनदहाड़े हत्या की वारदातें खौफजदा कर रही हैं।

महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश देश में नम्बर एक पर है। दलित उत्पीड़न की घटनाओं में उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर है। भाजपा सरकार अपराधियों के साथ कार्रवाई में भेदभाव करती है। दबंगों, अपराधियों को सत्ता का संरक्षण मिलने से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। भाजपा सरकार प्रदेश से हटेगी तभी अपराध खत्म होंगे और कानून व्यवस्था में सुधार होगा।


# हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद भी भाजपा को शर्म नहीं

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जिस युग में पुलिस ही अपराधी बन जाए वही कलयुग है। उन्होंने कहा कि माननीय इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाजपा सरकार के समय में हो रही पुलिसिया ज्यादतियों को देखकर उत्तर प्रदेश की पुलिस व्यवस्था पर जो सख्त टिप्पणी की है, उसे सुनकर तो नैतिक रूप से भाजपा सरकार को शासन करने का कोई अधिकार नहीं बचता है परंतु नैतिकता, निष्पक्षता, सत्यनिष्ठता, ईमानदारी व इंसाफ जैसे शब्द भाजपा के शब्दकोश में हैं ही नहीं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में पुलिस भाजपा के भ्रष्टाचार की 'भ्रष्टपुतली' बनकर, संविधान के स्थान पर अवैधानिक-आपराधिक तरीके अपनाकर सत्ता के सियासी फायदे के लिए कानून अपने हाथ में ले रही है। श्री यादव ने कहा कि भ्रष्ट पुलिसवाले याद रखें, भाजपा किसी की सगी नहीं है और संविधान सदैव रहेगा, ये भाजपाई तो अंतिम दौर में हैं।

भाजपाई निश्चित रूप से जा रहे हैं और फिर कभी सत्ता में लौटकर आएंगे भी नहीं। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। उसे कानून और संविधान की कोई परवाह नहीं है।



# भाजपा राज में यूपी की बत्ती गुल

बुलेटिन ब्यूरो



भाजपा सरकार में यूपी में बिजली संकट गहराता जा रहा है। उत्पादन इकाइयां न लगने और वितरण में मनमानी के कारण बेतहाशा बिजली कटौती से आमजन बेहाल हैं। जब राजधानी लखनऊ में बिजली संकट से हाहाकार मचा हुआ है तो प्रदेश का क्या हाल होगा सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री व दिल्ली से भेजे गए बिजली मंत्री के बीच कुर्सी की खींचतान ने संकट और बढ़ा दिया है। समाजवादी सरकार में लगी उत्पादन इकाइयां हीं भाजपा सरकार के काम आ रही हैं वर्ना अब तक पूरा प्रदेश अंधेरे में डूब गया होता।

बिजली संकट के बावजूद मनमानी और तानाशाही में जुटी भाजपा सरकार दरों में इजाफा करने की जुगत में है। पहले प्रीपेड मीटर के जरिये उपभोक्ताओं का शोषण, उत्पीड़न किया गया और समाजवादी पार्टी के मुखर विरोध के बाद प्रीपेड मीटर की योजना को वापस लेना पड़ा तो बौखलाई सरकार ने कई बार बिजली के दाम बढ़ाने की कोशिश की है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। उन्होंने कहा कि शुक्र है उत्तर प्रदेश के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्ली वालों के भेजे हुए दूत की साज़िश है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में

बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधे पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ़ चिट्ठी लिखकर, जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा में अब करेंट नहीं रहा।



श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस साल में बिजली विभाग को बर्बाद कर दिया है। मुख्यमंत्री जी ने अपने पूरे कार्यकाल में बिजली का एक भी नया कारखाना नहीं लगाया और न एक यूनिट बिजली का उत्पादन बढ़ाया। भाजपा सरकार केवल मीटरों को बदल-बदल कर जनता से उगाही करती रही। भाजपा ने जनता को ठगने और लूटने का काम किया।

आज प्रदेश की जनता बिजली के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। जगह-जगह लोग सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। सरकार बिजली उत्पादन बढ़ाने और बिजली देने के बजाय तरह-तरह के कुतर्क कर जनता को गुमराह करने का पाप कर रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बिजली के बिल के नाम पर भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव के तिकड़मी ख़र्चों की व्यवस्था के लिए 'इलेक्शन सरचार्ज' लगा रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा कभी डीजल, पेट्रोल, कभी बिजली और कभी गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ा दे रही है। आम जनता बेबस और परेशान है। भाजपा की कथनी करनी में बहुत अन्तर है।

उसने मंहगाई कम करने का वायदा किया था लेकिन जबसे सरकार आई है, रोज मंहगाई बढ़ाती जा रही है। भाजपा की नीतियों से जनता त्रस्त है। भाजपा, पूंजीपतियों के लिए नीतियां बनाती है। उन्हीं के लिए काम करती है। गरीबों की जेब से पैसा निकाल कर पूंजीपतियों की पूंजी बढ़ाती है, फिर उनसे कमीशन और चंदे लेती है। भाजपा गरीब, किसान विरोधी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी तभी महंगाई से निजात मिलेगी।

कवर स्टोरी

# भाजपा सरकार में गिर रहे भ्रष्टाचार के पुल, ढह रहीं टंकियां





फोटो स्रोत : गूगल

बुलेटिन ब्यूरो

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का ऐसा बोलबाला है कि चौतरफा लूट मची हुई है। आकंठ भ्रष्टाचार का आलम यह है कि अब तो पुल भी गिर जा रहे हैं और जानें चली जा रही हैं मगर सरकार सिर्फ लीपापोती में लगी है।

हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल के गिरने से 6 लोगों की मौत और अन्य के घायल होने की घटना इसका ताजा प्रमाण है। अब साबित हो गया है कि अधिकारी व भाजपा नेता मिलकर जनता की जेब काट रहे हैं।

भाजपा सरकार में CAG रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जल जीवन मिशन की कब्र खोद दी। बुंदेलखंड के बांदा-चित्रकूट और पूर्वांचल के बलिया-ग़ाज़ीपुर में 9,217 करोड़ की पाइपलाइन सिर्फ़ काग़ज़ों पर दौड़ रही है। ऐसे ही बांदा के तिंदवारी में 47 करोड़ का टैंक बना, उद्घाटन के दूसरे दिन ही भरभराकर गिर



फोटो स्रोत : गूगल



फोटो स्रोत : गूगल

गया।

इंजीनियर ने साफ कहा कि 'सीमेंट में रेत ज़्यादा थी। अयोध्या विकास प्राधिकरण में 400 करोड़ की ज़मीन खरीद घोटाले ने भी भ्रष्टाचार की पोल खोली।

गोंडा में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। यहां 3 साल पहले 12 करोड़ से बना संपर्क मार्ग का पुल बारिश में बह गया। जांच में पता चला कि सरिया की जगह बांस, सीमेंट में 70% मिट्टी का इस्तेमाल हुआ था और ठेकेदार 'मंत्री जी का ख़ास' था।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल के गिरने से 6 लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया। घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं से अपील की कि हमीरपुर पुल गिरने की घटना में पीड़ितों की हर सम्भव मदद करें।

श्री अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि ऐसा क्यों है भाजपा सरकार में हो रहा हर निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। कभी स्टेशन की दीवार गिरती है तो कभी इनके बनाए हुए भवनों की छतों से पानी टपकता है।

श्री यादव ने कहा भाजपा सरकार में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकियां तो भ्रष्टाचार का भार ही नहीं सहन कर पा रही है। टंकियों के लगातार गिरने की खबरें आती रहती हैं। अब पुल भी गिर रहे हैं।




बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों के दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं को पीडीए को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रेम, दया व अपनापन ही पीडीए है और इसपर अमल करने से ही पीडीए को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पीडीए एकजुट हो चुका है और 2027 में पीडीए समाज अपनी सरकार बनाने जा रहा है। दौरों के दौरान श्री अखिलेश यादव के स्वागत के लिए उमड़े जनसैलाब ने स्पष्ट संकेत दिए कि भाजपा सरकार से त्रस्त जनता समाजवादी सरकार बनाने के लिए चुनाव का इंतजार कर रही है। आम जनता के लिए श्री अखिलेश यादव एक बड़ी उम्मीद हैं ताकि सरकार में आकर वह प्रदेश में खुशहाली ला सकें।

विजन इंडिया समिट में शिरकत करने 13



# अखिलेश के दौरों से बन रहा PDA का माहौल

**नफ़रत के काँटे बहुत हुए, अब तो 'फूलों का मौसम' लाना है**
**'प्रेम, दया और अपनापन' लेकर, हर गाँव-गली तक जाना है**
**हम सबको मिलकर अपने वतन का, लिखना नया फ़साना है**

जून की शाम आगरा पहुंचने पर श्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद श्री रामजीलाल सुमन के आवास पहुंचकर उनके नाती के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

14 जून को श्री अखिलेश यादव का आगरा में भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में नकारात्मक राजनीति करने की शुरूआत की। भाजपा ने विरोधी दलों के नेताओं की छवि खराब करने के लिए हजारों करोड़ रूपये खर्च किए। मीडिया भी अगर ईमानदारी से खबर चला देती है तो उस पर भाजपा सरकार ने एफआईआर करा दिया। झूठे मुकदमें में फंसा दिया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री अखिलेश


DR. B. R. AMBEDKAR




VIISION
INDIA









यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने आगरा में यूपी के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेज की हालत खराब कर दी। भाजपा ने प्रदेश के साथ ही आगरा की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया। आगरा में दस साल में 500 प्राइमरी स्कूल बंद कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 25 थे अब 18 रह गये। भाजपा सरकार ने 7 बंद कर दिये हैं। यह सरकार निजी अस्पतालों को बढ़ावा दे रही है। सरकारी संस्थाओं को बंद कर रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब हो चुकी है। एनसीआरबी के आंकड़े देखे तो दलितों के साथ अत्याचार, अन्याय, उत्पीड़न की घटनाएं बहुत बढ़ गयी है। महिला उत्पीड़न और अपराध में उत्तर प्रदेश देश में नम्बर एक हो गया है। भाजपा का बुल्डोजर पीडीए के लोगों पर सबसे ज्यादा चला। पीडीए के लोगों का फर्जी एनकाउण्टर हुआ है। भाजपा जनता से झूठे वादे करती है। जनता से किए वादे पूरे नहीं किए।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाएं लीक हो जाती हैं। नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं है। पेपर लीक कराने का भाजपा का पुराना इतिहास रहा है। लोग पेपर लीक कराकर अपने गैंग के बच्चों का एडमिशन कराते हैं।

श्री यादव ने कहा कि इस सरकार में जमीन खाली कराने के लिए झोपड़ियों में आग लगा दी जाती है। लखनऊ, गाजियाबाद में कई जगहों पर ऐसा हुआ।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी और प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने को तैयार है। उत्तर प्रदेश के विकास का रास्ता समाजवादी ही निकालेंगे। पीडीए की रणनीति से समाजवादी पार्टी भाजपा का मुकाबला करेगी और हराएगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगा। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सब सीटों पर तैयारी कर रही है। डबल तैयारी से इंडिया गठबंधन भाजपा को हरा देगा। भाजपा इससे घबराई हुई है। भाजपा के पास महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का कोई जवाब नहीं है। किसान

बर्बाद हो गया।

13 जून को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव मैनपुरी दौरे पर रहे। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस लगातार महंगा हो रहा है। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। गायें सड़कों पर घूम रही है। भाजपा ने प्रदेश में बिजली का संकट पैदा किया है। स्मार्ट सिटी नहीं बनी। स्मार्ट मीटरों से बिजली का बिल बढ़ा दिया। जनता ने स्मार्ट मीटरों को उखाड़ कर फेंक दिया। रूपया नीचे जा रहा है।

भाजपा की गलत नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार के कारण भाजपा की डबल इंजन सरकार का धुंआ निकल रहा है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जनता को धोखा देती है। लोकतंत्र से बेईमानी करती है। विरोधियों पर झूठे मुकदमें लगाकर परेशान करती हैं। छवि खराब करती है। भाजपा के लोग असंसदीय भाषा बोलते हैं। समाजवादी पार्टी ने हमेशा भाषा और शब्दों के चयन का ध्यान रखा है। हमने कभी भी एक सीमा के बाहर जाकर विरोध नहीं किया लेकिन भाजपा के लोगों ने लोकतंत्र की गरिमा के साथ खिलवाड़ किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूज्य शंकराचार्य जी का अपमान हुआ है। हम सब शंकराचार्य जी के साथ हैं। आम जनता शंकराचार्य जी के साथ है।

12 जून को श्री अखिलेश यादव कासंगंज दौरे पर थे। यहां सोरों गेट, कासगंज में उर्मिला गार्डेन का उद्घाटन करते हुए सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कासगंज के विकास के लिए हमेशा काम किया है। समाजवादी सरकार में सबसे बड़ा बिजली कारखाना एटा में लगा। सड़कें बनीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में महंगाई, भ्रष्टाचार बढ़ा है। किसान दुःखी है।

श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी कहते है 2017 से पहले इस क्षेत्र की पहचान नहीं थी जबकि खुद मुख्यमंत्री जी की 2017 से पहले कोई पहचान नहीं थी। प्रदेश में विकास के लिए हमेशा समाजवादियों ने काम किया है। समाजवादी सरकार ने मरीजों को अस्पताल लाने ले जाने के लिए






108 में एंबुलेंस सेवा शुरू की। भाजपा सरकार ने इसे बर्बाद कर दिया। महिलाओं के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा का भी बुरा हाल हो गया। अस्पताल जाने पर न इलाज मिल रहा है और न डॉक्टर, दवाएं भी नहीं मिल रही हैं।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकारों ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया। न किसान की आय दुगनी हुई न उन्हें एमएसपी मिली। किसानों की सुविधा के लिए मंडिया नहीं बनीं। किसान की जिंदगी में बदलाव आता तो प्रदेश में खुशहाली आती।

भाजपा ने तो किसानों, नौजवानों सभी के साथ छल किया है। कोई परीक्षा ऐसी नहीं हुई जिसके पेपर लीक न हुए हो। युवकों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ। नीट से लाखों युवा प्रभावित हुए, कुछ नौजवानों ने अपनी जान भी दे दी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई गाय के नाम पर वोट लेना चाहते हैं। हम गाय की सेवा को प्राथमिकता देते हैं। अन्ना पशुओं से फसल चौपट हो रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने एसआईआर के नाम पर वोट लूटने की तैयारी की थी लेकिन हम अब पूरी तैयारी के साथ हैं।

गांव-गांव, घर-घर वोट ठीक कर लेना है कि उनके वोट न कटने पाएं। पंचायत और विधानसभा की मतदाता सूची देखने से भाजपा की पोल पट्टी खुल जाएगी। भाजपाई वोट कटवाने चले थे, उन्हीं के वोट कट गए। भाजपा ने पीडीए के अधिकार छीने हैं। आरक्षण की लूट की है। उत्तर प्रदेश की जनता अब भाजपा को सबक सिखाने के लिए मन बना चुकी है। समाजवादी सरकार 2027 में बनने जा रही है।

# पीडीए की ताकत के सामने भाजपा पस्त

## -अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश भाजपा को हटाएगा और उसका सफाया करेगा। पीडीए की रणनीति और इंडिया गठबंधन भाजपा के एनडीए को हटाएगा। भाजपा पीडीए की रणनीति का मुकाबला नहीं कर पा रही है। पीडीए की रणनीति की वजह से भाजपा अपने सहयोगी दलों से न जाने क्या-क्या सुनती है, उसके बाद भी उन्हें नहीं छोड़ पा रही है।

लखनऊ में 16 जून को एक न्यूज़ चैनल के साथ इंटरव्यू में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पीडीए के डर के कारण भाजपा अपने सहयोगी दलों को झूठा और बनावटी सम्मान देती है। भाजपा कुछ भी कर ले लेकिन जनता उसे बढ़ती, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का जवाब देगी। भाजपा को सत्ता से हटाएगी।

भाजपा दस साल से ज्यादा समय से केन्द्र की सत्ता में है। बेरोजगारी चरम पर है। भर्ती परीक्षाओं के इतने पेपर लीक कभी नहीं हुए हैं। भाजपा के सबसे बड़े नेता लगातार विश्व का दौरा कर रहे हैं। इतनी विदेश यात्रा किसी ने नहीं की होगी, इसके बाद भी भाजपा की विदेश नीति फेल है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल के

चुनाव में भाजपा ने बेईमानी की। भाजपा की बेईमानी को यूपी के लोग अच्छी तरह से जानते हैं। फैजाबाद-अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद जी 2024 का चुनाव जीतने के बाद विधानसभा में इनकी खाली हुई सीट मिल्कीपुर सीट के उपचुनाव में भाजपा ने हर तरह की मनमानी की। बंगाल में ममता बनर्जी दीदी चुनाव जीती थीं। मतदान उनके पक्ष में हुआ था लेकिन फोर्स लगाकर उन्हें हराया गया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह असफल हो चुकी है। इससे खराब सरकार कोई नहीं हो सकती है। भाजपा सरकार ने दस साल में पीडीए समाज के दस हजार से ज्यादा लोगों की नौकरियां छीन ली हैं। नौकरियों में घोटाला किया है। इस सरकार ने प्रदेश में जो बुलडोजर चलाया है, वह 90 फीसदी पीडीए के लोगों पर चला है।

समाजवादी पार्टी ने यूपी में भर्तियों को लेकर एक पीडीए आडिट रिपोर्ट जारी की है। भाजपा के पास उसका जवाब नहीं है। इसी तरह से प्रदेश में बड़े पैमाने पर फर्जी एनकाउंटर किए गए हैं। सबसे ज्यादा पीडीए के लोगों का फर्जी एनकाउंटर किया गया है। जनता सब देख रही है। जनता 2027 में भाजपा को जवाब देगी। जनता भाजपा सरकार की महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से आक्रोशित है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली को लेकर मंत्री, अधिकारी और विभाग में तालमेल नहीं है। इसका कारण है कि मुख्यमंत्री जी किसी को काम नहीं करने देते हैं। भाजपा के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। अब तो डिब्बे भी टकरा रहे हैं। भाजपा के डबल इंजन के भ्रष्टाचार की टंकी इतनी बड़ी है कि उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। भाजपा अयोध्या में श्री राम मंदिर चढ़ावे की चोरी का सामना नहीं कर पा रही है। अयोध्या में जो महाघोटाला और महापाप हुआ है, उसका भाजपा के पास जवाब नहीं है। इसी तरह से जलजीवन मिशन में बनी पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार को सहन नहीं कर पा रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जितने कारिडोर बने हैं सब में घपला और घोटाला हुआ है। भाजपा सरकार सब पुरानी चीजों को मिटा देना चाहती है। अयोध्या में भगवान शिव का मंदिर तोड़ दिया। वाराणसी में मणिकर्णिका घाट तोड़ दिया। काशी में कई पुराने मंदिरों को ध्वस्त कर दिया। पूज्य रानी अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति और उनके किए गये कार्यों को ध्वस्त करा दिया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में मंत्री अपने विभाग का काम छोड़कर दूसरा काम करते हैं। स्वास्थ्य विभाग को खुद इलाज की जरूरत है। उसे आक्सीजन की जरूरत है। अस्पतालों में गरीब को इलाज नहीं मिल रहा है। आगरा में भाजपा सरकार ने सब पीएचसी सेन्टर बंद कर दिए।

इस सरकार ने आगरा में एक हजार प्राइवेट नर्सिंग सेन्टर खुलवा दिए है। सरकारी अस्पताल बंद हो गए। प्राइवेट खुलते जा रहे हैं। शिक्षा विभाग में कई हजार स्कूल बंद हो गए। शहरों में सबसे ज्यादा स्कूल बंद हो गए। गोरखपुर में 70 पीएचसी सेन्टर थे अब केवल 6 चल रहे हैं। गोरखपुर में एम्स बना है लेकिन सुविधाएं नहीं हैं। गंभीर मरीज इलाज के लिए लखनऊ पीजीआई आते हैं, आखिर एम्स क्यों बना है? सरकार एम्स में सुविधाएं क्यों नहीं बढ़ा रही है। जब मुख्यमंत्री जी के क्षेत्र का यह हाल है तो पूरे प्रदेश के हालात की कल्पना नहीं की जा सकती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने पूज्यनीय शंकराचार्य जी का अपमान किया है। इन अधर्मियों ने शंकराचार्य जी को अपमानित किया। इस बार चुनाव में चंदा चोरी करने वाले अधर्मियों, नकली संतों का अंत हो जाएगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी



सरकार ने उत्तर प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया। समाजवादी सरकार में बिजली उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर काम हुआ। यूपी की जनता को आज जो बिजली मिल रही है वह समाजवादी पार्टी की सरकार की देन है। सबसे ज्यादा प्लांट समाजवादी सरकार ने लगाया। भाजपा सरकार ने एक भी पावर प्लांट नहीं लगाया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। लोगों को अपमानित करती है। राजनीति में पहली बार देखा जा रहा है कि भाजपा नकारात्मकता के लिए पैसे खर्च करती है। भाजपा दूसरे दलों के नेताओं की छवि खराब करती है।

श्री यादव ने कहा कि यूपी देश को दिशा देता है। 2027 में हम सभी को मिलकर लोकतंत्र और संविधान बचाना है। यूपी का चुनाव अगर भाजपा के हाथ में चला गया तो देश में आगे चुनाव नहीं होगा। विधानसभा चुनाव में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और लूट बड़े मुद्दे हैं।

# साधु-संतों ने अखिलेश को दिया विजयी होने का आशीर्वाद



बुलेटिन ब्यूरो

हरियाणा के राई, सोनीपत के प्राचीन शिव मंदिर के महंत पूज्यनीय प्रेमपुरी जी के नेतृत्व में 15 जून को आए दो दर्जन से अधिक साधु-संतों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से भेंटकर उनके दीर्घजीवन एवं विधानसभा चुनाव में विजयी होने का आशीर्वाद दिया। महंत प्रेमपुरी महाराज के साथ स्वामी दयानंद गिरी भी मौजूद रहे।

श्री अखिलेश यादव ने साधु-संतों का अभिनंदन करते हुए कहा कि नेताजी और हमें साधु-संतों का आशीर्वाद सदैव मिलता रहा है। साधु-संत और पुजारी हमारे पूजनीय हैं। हिन्दुस्तानियत की यह खासियत है कि यहां सभी एक दूसरे का सम्मान करते हैं। संविधान में सबका सम्मान एवं अधिकार सुरक्षित है।

महंत प्रेमपुरी महराज तथा स्वामी दयानंद गिरि ने कहा कि भाजपा राज में आस्था के नाम पर सिर्फ वोट की राजनीति हो रही है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। आध्यात्मिक स्थलों की मूल प्रकृति को विकृत किया जा रहा है।



# 2027 में यूपी के भविष्य का चुनाव होगा -अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लगातार कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। अलग से जिला व शहर इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं को बता रहे हैं कि चुनाव में जनता के बीच किन मुद्दों पर बात करनी है। धांधली में माहिर भाजपा का मुकाबला करने के लिए कार्यकर्ताओं को जरूरी टिप्स दे रहे हैं।

10 जून को कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कमीशनखोरी पूरे प्रदेश में चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट भाजपा का मुख्य एजेंडा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हर दिन जघन्य हत्याएं हो रही हैं। अपराधी बेखौफ हैं। भाजपा राज में कोई भी सुरक्षित नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी में वृद्धि जारी है।

श्री अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपनी भाषा और व्यवहार ठीक रखें। 2027 में जनता भाजपा को हराने जा रही है। भाजपा ने हर वर्ग को धोखा दिया है। जनता भाजपा पर भरोसा नहीं कर रही है। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही पीडीए के हित में नीतियां बनेंगी।

11 जून को राज्य मुख्यालय पर

कार्यकर्ताओं से मुखातिब होते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जो भी काम करती है, सब नकली होता है। अस्पतालों में इलाज और दवाएं नकली मिलती हैं। नकली एनकाउंटर उत्तर प्रदेश की नियति बन गई है।

श्री यादव ने कार्यकर्ताओं को सचेत किया कि सन् 2027 लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। हमारी तैयारी भी पूरी है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में सरकार बनाना है। पीडीए समाज भी परिवर्तन के लिए तैयार है। जरूरत बस एकजुटता से भाजपा को हराने और उसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने की है।

15 जून को राज्य मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने पर उतारू है। समाजवादी पार्टी की पूरी जिम्मेदारी लोकतंत्र बचाने की है। अन्यथा 2027 का उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव अंतिम चुनाव होगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता एकजुट होकर पूरी ताकत से लोकतंत्र को बचाने के लिए जुटें। वोटर लिस्ट और बूथ पर पूरा ध्यान लगाएं। सभी कार्यकर्ताओं की भाषा और व्यवहार शिष्ट हो।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर जाना तय है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बूथ-बूथ पर सतर्कता बरतनी है। जनता को भाजपा की नाकामियों की जानकारी देना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा नकारात्मक और साम्प्रदायिक राजनीति करती है। भाजपा पीडीए की दुश्मन है। भाजपा ने पीडीए का आरक्षण छीना है। 17 जून को राज्य मुख्यालय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं से मुखातिब होते हुए श्री अखिलेश यादव ने आगाह करते हुए कहा कि भाजपा समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के लिए निम्नस्तर पर उतर आई है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा की हर जालसाजी का जवाब देने को तैयार है। उसकी कोई भी चाल अब सफल नहीं होने वाली है। समाजवादी पार्टी 2027 के चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। समाजवादी पार्टी के बूथस्तर पर कार्यकर्ता सावधान हैं। प्रदेश की जनता भी अब भाजपा को सबक सिखाने के लिए मन बना चुकी है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सन् 2027 के विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही उत्तर प्रदेश के बुरे दिन समाप्त हो जाएंगे। दो दशक की भाजपा की सरकार के सत्ता से बेदखल होते ही सामाजिक न्याय का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा। 2027 में जनता की जनता द्वारा जनता की सरकार होगी।

इससे पहले 21 मई को राज्य मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने तैयारियों की समीक्षा की। कार्यकर्ताओं को बताया कि 2027 में पीडीए की सरकार बनाने के लिए हम उत्तर प्रदेश की सभी 403 सीटों पर अपने कार्यकर्ताओं को पूरी तरह मुस्तैद रहने के लिए तैयार कर चुके हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि हमारे साथ





गठबंधन में जो भी चुनाव लड़े, उसे चुनाव जीतने के लिए, हमारी बूथ लेवल तक की मजबूत संगठनात्मक शक्ति का पूरा फायदा मिले क्योंकि हमने हमेशा कहा है कि बात सीट की नहीं, जीत की है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार किसी दल की नहीं बल्कि एक समुदाय की सरकार बनेगी, ये बात हम पहले ही कह चुके हैं और उस समुदाय का नाम है पीडीए। इस पीडीए सुमदाय में देश के सभी समाजों की आबादी के वह 95 प्रतिशत पीडीए लोग शामिल हैं, जो पीड़ित, दुखी, अपमानित हैं।

उन्होंने कहा कि पीडीए का आंदोलन वर्चस्ववाद और भेदभाव के खिलाफ नई आज़ादी का आंदोलन है जिससे कि संविधान और आरक्षण बचा रहे। पीडीए आंदोलन का परम लक्ष्य है, सामाजिक न्याय का राज स्थापित करना जिससे कि सभी समाजों के बीच समता का भाव और अवसरों की समानता का मौका सबको समान रूप से मिल सके।

22 मई को प्रदेश के विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं से मुखातिब होते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार के दो कार्यकाल बिना किसी उपलब्धि के समाप्ति की ओर है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना दिया है। किसानों की फसलों की लूट मची है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा राज में महिलाएं उपेक्षित और अपमानित हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है।

इस सरकार ने प्राइमरी स्कूलों की दुर्दशा कर दी है। लगभग 70 हजार स्कूल बंद कर दिए। हजारों स्कूलों में एडमिशन शून्य है। अस्पतालों में मरीजों को दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। मरीज मारे-मारे फिर रहे हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 विधानसभा का चुनाव यूपी की जनता के भविष्य का चुनाव है। चुनाव में भाजपा को दो दशक का हिसाब देना होगा। उत्तर प्रदेश की जनता की ताकत भाजपा का सफाया कर देगी। श्री यादव ने कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए कहा कि भाजपा समाजवादी पार्टी को बदनाम करने की रणनीति बनाएगी। तरह-तरह के हथकंडे अपनाएगी लेकिन इस बार भाजपा की कोई चालाकी काम नहीं आएगी।

संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाने को उत्तर प्रदेश की जनता 2027 चुनाव का इंतजार कर रही है।

24 मई को राज्य मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को गंभीर आर्थिक संकट में फंसा दिया है। मंहगाई लगातार बढ़ती जा रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 में समाजवादी पार्टी सरकार बनाने से चूक गई थी। 2027 में कोई कसर नहीं छोड़नी है। जनता समाजवादी पार्टी के साथ है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य शत प्रतिशत सीटें जीतने का है। इस बार यूपी से भाजपा का पूरा का पूरा सफाया करना है। पीडीए जीत की गारंटी है। 2024 का लोकसभा चुनाव मिसाल है। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पीड़ित, दुखी, अपमानित लोगों के साथ न्याय होगा। सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा।

# ऑडिट रिपोर्ट ने खोली पीडीए आरक्षण घोटाला की पोल

बुलेटिन ब्यूरो




समाजवादी पार्टी ऑडिट रिपोर्ट ने पीडीए आरक्षण घोटाला की ऐसी पोल खोली है कि भाजपा सरकार के पास कोई जवाब नहीं है क्योंकि उसकी साजिश का पर्दाफाश हो गया है। अब यह साबित हो गया है कि भाजपा आरक्षण को खत्म करने की साजिश पर पूरी शिद्दत के साथ काम कर रही है।

भाजपा की मंशा है कि पीडीए समाज को मिलने वाला आरक्षण किसी भी सूरत में खत्म कर दिया जाए पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव सजग हैं और पीडीए के आरक्षण को खत्म न होने देने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

23 मई को श्री अखिलेश यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा की साजिश का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि भाजपा पीडीए का आरक्षण खा गई है। 69 हजार शिक्षक भर्ती में पिछड़े वर्गों को 27 फीसदी आरक्षण के बजाय सिर्फ 3.80 फीसदी आरक्षण मिला। एससी वर्ग को 21 फीसदी आरक्षण की जगह 16.2 फीसदी आरक्षण मिला।

भाजपा सरकार ने पिछड़े, दलितों के आरक्षण की लूट की है। भाजपा निजीकरण करके आरक्षण को समाप्त करने की साजिश कर रही है। युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सुविधा, सम्मान, आरक्षण और सामाजिक न्याय का राज समाजवादी पार्टी की सरकार में ही संभव है।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की स्थापना का लक्ष्य ही तमाम तरह की विषमता को मिटाना है। भाजपा की आर्थिक नीतियों से विषमता बढ़ी थी। भाजपा ने

अमीरी-गरीबी की खाई को बढ़ाकर आर्थिकी केन्द्रीकृत किया। यह भ्रष्टाचार का तरीका है।

भारत की आर्थिक ताकत कुछ हाथों में संग्रहित की जा रही है। महंगाई से आम जन तबाह हैं। देश के करोड़ों बेरोजगारों को कोई पूछने वाला नहीं है। भाजपा सरकार जनता के लिए नहीं बड़े उद्योगपति और पूंजीपतियों के हित में काम करती है। भाजपा ने चंद पूंजीपतियों के लिए किसानों की किस्मत गिरवी रख दी है। भाजपा गरीबों, किसानों के लिए काम नहीं करती है बल्कि भाजपा गरीबों और किसानों की दुश्मन है।


श्री यादव ने कहा कि 2027 के चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के सभी नेताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और बूथ प्रहरी सतर्क रहें। भाजपा अभी भी मतदाता सूची में हेराफेरी की साजिश कर सकती है। भाजपा राजनीति को गैंग बनाकर काम कर रही है। चौतरफा लूट मचा रखी है। लूट की पराकाष्ठा है।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भाषा व्यवहार ऐसा हो जिससे किसी को शिकायत का मौका न मिल सके। भाजपा का एजेंडा समाजवादी पार्टी को बदनाम करने का है। भाजपा समाजवादी पार्टी पर झूठे आरोप लगाएगी। जनता को भ्रमित करेगी लेकिन इस बार भाजपा की कोई चाल सफल नहीं होगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने यूपी को विकास का रास्ता दिखाया था। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी और पार्टी नेतृत्व पर है। जनता समाजवादी पार्टी के साथ है। 2027 समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है।





1- 69 हज़ार शिक्षक भर्ती - 2019

| वर्ग | संवैधानिक आरक्षण मिलना चाहिये | संवैधानिक आरक्षण मिला | लूट |
|---|---|---|---|
| OBC | 27% | 3.86% | 23.14% |
| SC | 21% | 16.2% | 4.8% |
| ST | 2% | 0% | 2% |

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट ने **PDA** वर्ग के **~30% (~20000)** सीटों के घोटाले को माना
- उत्तर प्रदेश सरकार ने 2022 चुनाव से पहले स्वयं यह स्वीकार किया की शिक्षक भर्ती में आरक्षण लूट हुई और 6,800 पदों की एक अतिरिक्त चयन सूची जारी की थी
- सबसे शर्मनाक यह था कि सरकार ने ST वर्ग की 1133 पदों को खाली छोड़ दिया
- अब सरकार की ही मानें तो **PDA वर्ग के 7933+ (6800+1133)** पदों की लूट हुई



1. Why the selection of 69,000 assistant teachers in Uttar Pradesh has been ordered afresh | Explained News - The Indian Express
2. https://ncbc.nic.in/Writereaddata/NCBC-07-10-10-2020637601401136802462.pdf

9



# साइकिल

## पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का प्रतीक



राजेन्द्र चौधरी

तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में साइकिलिंग और साइकिल ट्रैक का महत्व बढ़ गया है। दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, ऊर्जा संकट और असंतुलित शहरीकरण जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है।

ऐसे समय में साइकिलिंग केवल एक परिवहन साधन नहीं रह गई है बल्कि यह सतत विकास, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरी है। अनेक देशों ने साइकिलिंग को अपनी परिवहन नीति का अभिन्न हिस्सा बनाया है।

भारत में भी इस दिशा में जागरुकता बढ़ रही है और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए यह विषय विशेष महत्व रखता है। उत्तर प्रदेश में दूरदर्शी नेता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने इस दिशा में बहुत बड़ा और विजनरी कार्य किया। श्री अखिलेश यादव द्वारा बनाया गया साइकिल ट्रैक आज फिर चर्चाओं में है। विश्व के विकसित देशों में साइकिल को हरित परिवहन का सबसे प्रभावी साधन माना जा रहा है। नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी जैसे देशों में साइकिल ट्रैक का विस्तृत नेटवर्क तैयार किया गया है।

इससे न केवल प्रदूषण में कमी आई है बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए साइकिलिंग को बढ़ावा देने की सिफारिश करती हैं। इससे 37 प्रतिशत तक कार्बन उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है।

यूं तो साइकिल की विकास यात्रा 1866 से शुरू हो गई थी पर आज की साइकिल की निर्माण प्रक्रिया में 1900 के बाद बहुत सुधार किए गए। भारत में विदेश से जापान-इंग्लैंड साइकिल के कलपुर्जे मंगाकर काम चलता था। भारत में साइकिल बनाने का कोई कारखाना नहीं था। 1948 में संसद में यह मामला उठा। 6 अप्रैल 1950 को संसद में व्यापार मंत्री केसी त्यागी ने बताया कि एक लाख साइकिलें मंगाना तय हुआ है। 1953 में आगरा में साइकिल बनाने का पहला कारखाना लगा। पांच लाख रुपए की कीमत से मशीनें लगीं।

भारत में 1950 में साइकिल की बिक्री में खूब धूम मची। 1951 में विदेशी रेले साइकिल 315 रुपये, रज 300 रुपये, इंडिया 160 रूपये, हरक्यूलिस 236 रूपये, फिलिप्स 230 रुपये और नारमन 224 रुपये में मिलती थी। तब भारत के ग्रामीण और कसबाई जीवन का साइकिल अभिन्न हिस्सा बन गई थी।

किसान, मजदूर, छात्र और छोटे व्यवसायी लंबे समय तक इसे दैनिक जीवन का साधन बनाते रहे। एक समय शादी-विवाह में और दहेज में साइकिल का अपना अलग महत्व होता था।

साइकिलिंग का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह शून्य प्रदूषण उत्पन्न करती है, कम लागत वाली है और आम नागरिकों के लिए सुलभ है। इसके साथ ही यह सड़क यातायात के दबाव को कम करने और शहरी जीवन को अधिक व्यवस्थित बनाने में सहायता करती है।

उत्तर प्रदेश भारत का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है। यहां के शहरों और कस्बों में बढ़ते वाहन, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण गंभीर चुनौतियां बन चुके हैं। ऐसे में साइकिल ट्रैक और साइकिलिंग संस्कृति को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

समाजवादी पार्टी की सरकारों ने समय-समय पर साइकिल को जनसंपर्क और विकास की अवधारणा से जोड़ा है। युवाओं, छात्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सशक्त बनाने के लिए साइकिल को एक उपयोगी साधन के रूप में प्रस्तुत किया गया।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह प्रतीक और अधिक प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि साइकिल आज पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का भी प्रतीक बन चुकी है।

आधुनिक शहरों में साइकिल ट्रैक केवल सड़क का एक हिस्सा नहीं बल्कि एक दूरदर्शी शहरी नीति का संकेत होते हैं। उत्तर प्रदेश में 2012 से 2017 तक श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार ने साइकिलिंग को पर्यावरण-अनुकूल परिवहन के रूप में बढ़ावा देने के लिए कई पहल की थीं।

इनका उद्देश्य शहरी यातायात का दबाव कम करना, प्रदूषण घटाना और गैर-मोटर चालित परिवहन को प्रोत्साहित करना था।

समाजवादी पार्टी की सरकार में लखनऊ, नोएडा और अन्य शहरों में बड़े पैमाने पर साइकिल ट्रैक विकसित किया गया। लखनऊ और नोएडा में 100 किलोमीटर से अधिक साइकिल ट्रैक बनाए गए थे जबकि राज्य के अन्य शहरों में लगभग 270 किलोमीटर अतिरिक्त साइकिल ट्रैक विकसित करने की योजना थी। लखनऊ में लगभग 35 किलोमीटर लंबा साइकिल ट्रैक 2015 में शुरू किया गया।


इसके बाद लगभग 31 किलोमीटर अतिरिक्त ट्रैक का निर्माण भी किया गया। इन ट्रैकों को अलग रंगों, संकेतकों और समर्पित लेन के साथ विकसित किया गया था ताकि साइकिल चालकों को सुरक्षित मार्ग मिल सके। राज्य का पहला बाइसिकल हाई-वे आगरा-इटावा के बीच वर्ष 2016 में शुरू किया गया। यह आगरा से इटावा के बीच लगभग 207 किलोमीटर लंबा ग्रीन पथ नाम से बनाया गया।

यह बाइसिकल हाईवे आगरा के ताजमहल को इटावा के लायन सफारी से जोड़ता है। यह देश की पहली लंबी दूरी की बाइसिकल हाई-वे परियोजना है। इटावा लॉयन सफारी के पास ग्रीन पथ के उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में साइकिलिंग करने वाले युवा और विशेषज्ञ शामिल हुए थे और उन्होंने श्री अखिलेश यादव के बाइसिकल हाई-वे और विजन की तारीफ की थी।











समाजवादी सरकार की साइकिल ट्रैक परियोजना "ग्रीन ट्रांसपोर्ट" को बढ़ावा देने वाली योजना है। समाजवादी पार्टी का मानना है कि इससे ईंधन की खपत और वायु ध्वनि प्रदूषण दोनों कम होंगे तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इस दृष्टि से समाजवादी पार्टी की सरकार में श्री अखिलेश यादव के निर्देशन में वृक्षारोपण का विश्व रिकॉर्ड बनाया था ताकि साया बना रहे। विश्व पर्यावरण एवं जैवविविधता के साथ हरियाली ही तो जीवन चक्र को नया जीवन देती है।

श्री अखिलेश यादव स्वयं साइकिल यात्राओं और साइकिल अभियानों के माध्यम से युवाओं और पर्यावरण के मुद्दों को जोड़ते रहे। साथ ही समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह "साइकिल" को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और जनसामान्य के परिवहन साधन के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

सन् 2017 में भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद साइकिल ट्रैकों को बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार के अदूरदर्शी फैसलों से समाजवादी सरकार के साइकिल ट्रैक के बढ़ावा देने के कार्यों में तरह-तरह के रोड़े अटकाए गए। श्री अखिलेश यादव जी का मानना है कि साइकिलिंग स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था तीनों के लिए लाभकारी है तथा विकसित देशों में भी साइकिल-आधारित परिवहन को बढ़ावा दिया जा रहा है। समाजवादी पार्टी की सरकार में श्री अखिलेश यादव की साइकिल ट्रैक परियोजना उत्तर प्रदेश में गैर-मोटर चालित परिवहन को बढ़ावा देने का एक महत्वाकांक्षी प्रयास था जिसे भाजपा सरकार ने अपनी नासमझी से बेकार कर दिया।

आज के बदलते परिवेश में साइकिलिंग और साइकिल की बढ़ती मांग ने साबित कर दिया कि श्री अखिलेश यादव देश के सबसे बड़े दूरदर्शी नेता हैं जिन्होंने एक दशक पहले ही भविष्य में आने वाली चुनौतियों को भांप लिया था और उन्होंने साइकिल ट्रैक बनाकर साइकिलिंग को बढ़ावा देने का कार्य शुरू कर दिया था। विश्व में ऊर्जा संकट के आज के दौर में साइकिलिंग का महत्व बढ़ गया है। इस साल पर्यावरण दिवस पर इसका ऐतिहासिक महत्व और बढ़ गया है। दमघोटू हवा, ट्रैफिक जाम और पर्यावरण असंतुलन ग्लोबल वार्मिंग से तापमान और ठंड में असहनीय बढ़ोत्तरी को देखते हुए साइकिल सवारी पर फिर लौटना ही अपने जीवन को दीर्घजीवी और संतुलित बनाए रख सकता है।

**(लेखक पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं)**

बुलेटिन ब्यूरो

साढ़े चार सौ वर्षों तक पुर्तगाल के क्रूर दमनचक्र में पिस रहे गोवा की मुक्ति का पहला आवाह्न 18 जून 1946 में समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया ने किया था। अंततः 19 दिसम्बर 1961 को गोवा आजाद हुआ। पूरा देश 18 जून को गोवा मुक्ति संग्राम के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करता है।

समाजवादी नेतृत्व का गोवा से पुराना रिश्ता भी रहा है। समाजवादी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी अग्रणी भूमिका में रहे हैं। हम गोवा मुक्ति दिवस के साथ स्वतंत्रता सेनानियों का भी नमन करते हैं।

वर्ष 2023 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी ने गोवा लिबरेशन डे पर 18 से 22 दिसंबर तक पांच दिवसीय गोवा यात्रा वहां के गांधीवादी संस्थान पीसफुल सोसायटी के संस्थापक श्री कुमार कलानंद मणि के निमंत्रण पर की थी। गोवा आंदोलन से सम्बन्धित पवित्र स्थलों पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित करने का यहां सौभाग्य मिला। श्री राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि समाजवादी आंदोलन के महानायक डॉ. राम मनोहर लोहिया को गोवा आंदोलन के दौरान अगोड़ा सेंट्रल जेल में जिस बैरक में गिरफ्तार कर रखा गया था वहां उनकी

# लोकतंत्र को बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं अखिलेश





आदमकद प्रतिमा स्थापित है।

दक्षिण गोवा में मड़गांव सेंट्रल स्क्वायर से 18 जून 1946 को गिरफ्तार कर उन्हें अगोड़ा जेल में बंदी बनाकर रखा गया था। यहां जेल हेरिटेज ब्लाक में बंदी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची में लोहिया जी का नाम भी अंकित है। इन स्थानों पर जाकर राजेन्द्र चौधरी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला। जहां मडगांव के लोहिया मैदान में डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। यहां से बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. लोहिया को 18 जून 1946 को गिरफ्तार किया गया था।

यहां प्रतिमा के समीप भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखनीय शिलापट्ट तथा मनोहर राय सरदेसाई की डॉ. लोहिया पर 18 जून से संबंधित मार्मिक कविता पढ़कर मन अतीत के गौरवशाली दिनों की याद करने लगता है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव गोवा मुक्ति संग्राम के इस रोमांचक वृत्तांत से पूरी तरह परिचित हैं। उनका कहना है कि समाजवादियों ने तनी हुई बंदूक के सामने अपने हक की लड़ाई लड़ने का सबक श्रद्धेय डॉ. लोहिया जी से सीखा जिन्होंने 18 जून 1946 के दिन गोवा में सविनय अवज्ञा के माध्यम से आजादी की अलख जगाई थी।

श्री अखिलेश यादव डॉ. राममनोहर लोहिया के इसी रास्ते पर चल रहे हैं जो अन्याय के प्रतिकार, लोकतंत्र को बचाने तथा वंचितों को अधिकार दिलाने का रास्ता है। समाजवादी पार्टी लोहिया जी की विरासत को आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध है।

स्मरणीय है, वर्ष 1498 में वास्को डि गामा केरल के कालीकट तट पर पहुंचने वाले प्रथम पुर्तमाली नाविक थे। वर्ष 1570 में अल्बुकर्क ने पुर्तगाली सेना के साथ गोवा पर कब्जा कर लिया। 450 वर्षों तक पुर्तगाली गोवा पर अपना दमनकारी शासन चलाते रहे।

अपने एक गोवा के मित्र के घर विश्राम के लिए गए लोहिया जी ने जब गोवा में नागरिक अधिकारों का हनन देखा तो उन्होंने बगावत का बिगुल बजा दिया। उनकी गिरफ्तारी से जनाक्रोश सड़कों पर उतर आया। समाजवादी नेता श्री मधु लिमये को भी इस मुक्ति आंदोलन में भारी यातनाएं सहनी पड़ी थीं।

15 अगस्त 1955 को कोच्चि से 5 हजार लोगों ने गोवा कूच किया तो निहत्थे लोगों पर पुलिस की गोलियों से 30 लोग शहीद हो गए। अंततः 19 दिसंबर 1961 को भारतीय सेना की पहल पर पुर्तगाली कुशासन का अंत हुआ, गोवा को सदियों की दासता से मुक्ति और स्वतंत्रता की हवा में श्वांस लेने का ऐतिहासिक अवसर मिला था जिसका श्रेय डॉ. लोहिया की पहल से ही संभव हो सका।

विचार

# समाजवादी राष्ट्रवाद की ओर कदम बढ़ाने का समय

जयशंकर पांडेय




देश और दुनिया आज एक नए चौराहे पर खड़ी है। एक ओर युद्ध और युद्ध विस्तार के बीच यूरोप और एशिया झूल रहा है तो दूसरी ओर देश में भयानक आर्थिक संकट के हालात बन रहे हैं। वहीं तीसरी ओर तमाम राष्ट्रों के भीतर और विशेषकर भारत में जाति और धर्म के आधार पर नफरती माहौल निर्मित हो गया है। चौथी लेकिन सबसे अहम बात यह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद निर्मित विश्व व्यवस्था टूट रही है। उसकी जगह पर कोई नई लोकतांत्रिक वैश्विक व्यवस्था बन नहीं रही है इसलिए नए उपनिवेशवाद का खतरा उपस्थित है। इसलिए यह समय समाजवादियों और विशेषकर एशियाई और भारतीय समाजवादियों को अपने विचार और संगठन के साथ उठ खड़े होने का है। भारत में समाजवादी आंदोलन के औपचारिक आरंभ के 90 साल हो रहे हैं इसलिए इसके विचार, आंदोलन और राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को यह बता देना चाहिए कि उनके पास दुनिया को बेहतर बनाने का सपना है और उनके पास इसका खाका भी है।

अभी हाल में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत का दौरा करके गए हैं। वे भारत को हिदायत देकर गए हैं कि उसे अपनी जरूरतों के लिए स्वतंत्र विकास के बारे में सोचना नहीं चाहिए बल्कि अमेरिका पर निर्भर हो जाना चाहिए और अमेरिका जो कहे उसे उसी दर पर खरीदना चाहिए जिस दर पर वह कहे। जाते-जाते वे बता गए हैं कि वेनेजुएला की कठपुतली राष्ट्रपति देलसी रोड्रिग्स भारत का दौरा करेंगी क्योंकि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपदस्थ कर रखा है और उनकी जगह पर देलसी को वहां का राष्ट्रपति बना रखा है। अमेरिका चाहता है कि वह वेनेजुएला का तेल निकाले और उसे दुनिया भर में महंगे दाम पर बेचे।

इस तरह भारत अमेरिका की समाजवादी योजना का एक हिस्सा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अभी कुछ ही दिन पहले अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने यूरोप में कहा था कि हमारी औपनिवेशिक परियोजना को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद झटका लगा था अब उसे फिर से शुरू करने का समय आ गया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार अपने पद की शपथ लेते ही एलान किया था कि कनाडा उनका 51वां प्रांत है। उन्होंने ग्रीनलैंड को भी हथियाने का प्रस्ताव यूरोप के सामने रखा है। ईरान पर हमला और उसकी तेल संपदा का दोहन उसकी इसी औपनिवेशिक परियोजना का हिस्सा है। क्यूबा जैसे पुराने प्रतिद्वंदी को भी ध्वस्त करने की तैयारी उसने कर रखी है।

ऐसे में समाजवादी विचारधारा के साथियों का यह दायित्व बनता है कि वह स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष में अपनी शानदार भूमिका का स्मरण करें और राष्ट्रवाद का झंडा संघ परिवार और भारतीय जनता पार्टी जैसी नकली राष्ट्रवादी शक्तियों से छीनकर उसे अपने हाथ में ले लें।

आज समाजवादी पार्टी सिर्फ इसलिए जानी जाती है कि उसने सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया और सांप्रदायिकता की पूरी मुखालफत की। उसने उसकी कीमत भी चुकाई है और उसके चलते प्रदेश और देश में अपनी जगह भी बनाई है।

जनता ने उसके उस संघर्ष को सम्मान भी दिया है और यही वजह है कि आज सपा लोकसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी है। पिछले लोकसभा चुनाव में जब भाजपा अबकी बार 400 पार का नारा लगा रही थी तब इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने उप्र में भारतीय जनता पार्टी के रथ को रोकने का कार्य किया था।

डॉ राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जब सड़कें सूनी हो जाती हैं तो संसद आवारा हो जाती है। चाहे 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन हो, गोवा मुक्ति का आंदोलन हो या महात्मा गांधी का सविनय अवज्ञा आंदोलन हो समाजवादियों ने भारत के राष्ट्रवाद के निर्माण और संघर्ष में अपना साहसिक और ऐतिहासिक योगदान दिया है।

आज अपने को देशभक्त बताने वाले संघ परिवार ने फिर से साम्राज्यवादी योजना पर काम करते हुए भारत को आर्थिक रूप से अमेरिका पर निर्भर और सामाजिक राजनीतिक रूप से एक विभाजित देश बनाने के लिए काम करना शुरू कर दिया है।

वे पाकिस्तान के घर में घुस कर मारने का दावा करते हैं लेकिन इस मामले में अमेरिका के सामने दावों का विरोध नहीं कर पाते। आज ऑपरेशन सिंदूर कैसे हुआ और क्यों हुआ इसके बारे में सरकार कुछ साफ कहने की स्थिति में नहीं है बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति के युद्धविराम कराने के दावे और मध्यस्थता करने की कोशिशों पर भारत सरकार का मौन उनकी सत्तारूढ़ दल की देशभक्ति पर संदेह पैदा करता है।

हाल में भाजपा के एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी राम माधव का अमेरिका के हडसन इंस्टीट्यूट में यह कहना कि अमेरिका ने जो जो चाहा, हमने वह कर दिया। अब वह क्यों भारत के बारे में नस्ली टिप्पणियां करता रहता है। अमेरिका और विशेषकर उसके राष्ट्रपति ने भारत को नरक का गड्ढा कह कर राष्ट्रीय सम्प्रभुता का अपमान किया है लेकिन भारत सरकार ने उसका समुचित प्रतिवाद नहीं किया है।

इन परिस्थितियों में समाजवादियों का यह दायित्व बनता है कि वे एक ओर चंद पूंजीपतियों के हित में बनाई जा रही भारत की आर्थिक नीतियों की कमियों को उजागर करना और उसके विकल्प में आत्मनिर्भर और आम जनता के हित में सोचने और करने वाली राष्ट्रवादी नीतियों का विकल्प प्रस्तुत करना जारी रखें।

हमें याद रखना चाहिए कि डॉ राम मनोहर लोहिया ने दो बार अमेरिका की यात्रा की और वहां उन्होंने अमेरिकी सरकार नहीं अमेरिकी जनता से संबंध बनाने और उससे भारी अपेक्षा रखने की बात की। उन्हें सुनने और समझने वालों की भीड़ भी उमड़ी। उन्होंने वहां नस्लवाद यानी गोरे-काले के भेद के विरोध में संघर्ष भी किया और गिरफ्तारी दी। उन्होंने एक ऐसी विश्व व्यवस्था का विकल्प प्रस्तुत किया जो कि संयुक्त राष्ट्र से अलग और दुनिया भर से चुनकर आने वाले प्रतिनिधियों द्वारा संचालित थी।

डॉ लोहिया जहां राष्ट्रों के बीच बराबरी की बात करते थे वहीं रंग, नस्ल, धर्म, लिंग, वर्ग और जाति पर आधारित भेदभाव को मिटाने का आह्वान करते थे। उन्हें उम्मीद थी कि बीसवीं सदी में शुरू हुआ यह परिवर्तन इक्कीसवीं सदी में अच्छी तरीके से फलीभूत होगा। ऐसा एक हद तक हुआ भी लेकिन आखिरकार पूंजीवादी शक्तियों ने स्वतंत्र देशों में आर्थिक संकट पैदा करके और फिर युद्ध छेड़कर उस सपने को चकनाचूर कर दिया।

राष्ट्रीय स्तर पर स्थिति यह है कि दिल्ली और एनसीआर में जहां पर तमाम कंपनियों के अधिकारियों को करोड़ों रुपए का सालाना वेतन मिलता है वहां के मजदूर दस हजार रुपए महीने में अपना परिवार चलाते हैं। जब वे विरोध करते हैं तो उन्हें पाकिस्तानी या अर्बन नक्सल बता दिया जाता है।

आज देश में किसानों, मजदूरों और युवाओं के बीच न तो बेचैनी की कमी है और न ही देशभक्ति की।

देशभक्ति और राष्ट्रवाद की जमीन को तथाकथित हिंदुत्ववादियों से छीनने का यही मौका है। समाजवादियों की संख्या देश में कम नहीं है। ऊर्जा और विचार का प्रवाह पूरे देश में है। पश्चिम बंगाल में चुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता के लिए तैयार हैं। वही स्थिति तमिलनाडु के द्रविड़ दल की है। वामपंथी भी नए किस्म की सक्रियता चाहते हैं। ऐसी स्थिति में समाजवादियों के लिए बड़ा सोचने और बड़ा काम करने का सुनहरा अवसर है। वह अगर समाजवादी राष्ट्रवाद की ओर कदम बढ़ाएगी तो इससे देश और दुनिया को बड़ा लाभ होगा।

**(लेखक पूर्व विधायक व उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के महासचिव हैं)**



# अखिलेश ने मेधावियों को लैपटॉप देकर सम्मानित किया

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 17 जून को 12वीं कक्षा की परीक्षा में पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली बरेली की मेधावी छात्रा मानवी पटेल तथा एक अन्य छात्रा  आशिन अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। श्री अखिलेश यादव ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें लैपटाप देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मानवी के पिता हरेन्द्र सिंह रानू माता श्रीमती रश्मि पटेल और उसके फूफा इंजीनियर अखिलेश कुमार पटेल भी मौजूद थे।

10 जून को श्री अखिलेश यादव ने मऊ जनपद के लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेंस स्कूल के सीबीएसई छात्र हिमांशु यादव को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। श्री हिमांशु यादव को इतिहास में 100 में 100 तथा राजनीति शास्त्र में भी 100 में 100 नंबर मिले हैं।

श्री अखिलेश यादव ने मेधावी छात्र हिमांशु को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्र के पिता कैप्टन शोभा सिंह तथा माता श्रीमती सुषमा यादव भी मौजूद रही।

इससे पहले सपा मुखिया ने 26 मई को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में यूपी बोर्ड तथा सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में जनपद आगरा और फर्रुखाबाद के टॉपर छात्र-छात्राओं को पार्टी नेताओं के सहयोग से लैपटॉप देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों के साथ-साथ उनके परिवारीजनों का

भी सम्मान किया गया।

आगरा जनपद में यूपी बोर्ड से 92 प्रतिशत अंकों के साथ सपना को जनपद में चौथा स्थान और आईसीएससी बोर्ड परीक्षा में वैष्णवी यादव को 94.50 प्रतिशत अंक मिले। यूपी बोर्ड में 96.50 प्रतिशत अंक पाने वाले बिन्देश निषाद को आगरा में प्रथम और प्रदेश में 8वां स्थान मिला है। आगरा के ही मुस्कान यादव को यूपी बोर्ड में 96.17 प्रतिशत अंक मिले हैं। आगरा में द्वितीय और प्रदेश में 9वां स्थान मिला है।

अलीमा अली को सीबीएसई बोर्ड में 95.50 प्रतिशत अंक मिले हैं। शिवानी जाटव को यूपी बोर्ड परीक्षा में 90.30 प्रतिशत अंक मिले हैं। शिवानी को दलित समाज में पूरे जिले में सबसे अधिक अंक मिले हैं। अभय प्रताप सिंह धाकरे को इंटर में यूपी बोर्ड परीक्षा में 91.02 प्रतिशत अंक मिले और आगरा में छठवां स्थान मिला। अभिषेक निषाद को यूपी बोर्ड परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक मिले। वह आगरा में तीसरे स्थान पर रहे। मयंक यादव को इंटरमीडिएट आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। आगरा के टापर छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने में आगरा के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री राजपाल यादव का सहयोग रहा।

फर्रुखाबाद में हाईस्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में जनपद में हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम और प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त एसके इंटर कॉलेज मंझना फर्रुखाबाद की छात्रा अंशिका यादव को 97.17 प्रतिशत अंक मिले, जिले में दूसरा और प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त रिद्धिमा वर्मा को 96.67 प्रतिशत अंक राजवीर इंटर कॉलेज कमालगंज की छात्रा है तथा नैन्सी सिंह को जनपद में तीसरा स्थान 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। फर्रुखाबाद के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने में नरेन्द्र सिंह यादव, मनोज मिश्रा, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव, डॉ. नवल किशोर शाक्य का सहयोग रहा।

वहीं श्री अखिलेश यादव से 24 मई को बहराइच जनपद के बलहा विधानसभा क्षेत्र से लखनऊ आए छात्रों के एक दल ने मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि वे श्री अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित हैं। उनके भविष्य की चिंता श्री अखिलेश यादव ही करते हैं।

भेंट करने वाले छात्रों में सर्वश्री सचिन यादव, शेखर यादव, कुलदीप यादव, नामित यादव, राजित राम यादव तथा विजय यादव आदि रहे।
















# साफ़ और बेबाक X

**Akhilesh Yadav**

@yadavakhilesh

Socialist Leader of India | President @samajwadiparty | Member of Parliament, Kannauj | Former Chief Minister, Uttar Pradesh

Lucknow, India   samajwadiparty.in   Joined July 2009

---

**Akhilesh Yadav** @yadava... · 08 Jun

"उल्लेखनीय"




---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

आगे-आगे देखिए होता है क्या... चढ़ावे से बात चंदे तक पहुँची और चंदे से ज़मीन तक और ज़मीन से अति बहुमूल्य अरबों रूपयों की श्रीराम शिलाओं के गायब होने तक।

भाजपाइयों के अनरजिस्टर्ड-अंडरग्राउंड संगी-साथियों की केवाईसी करवाई जाए।

अयोध्या के इस 'महापाप-महाघोटाले' के पीछे कौन-सा सनातन विरोधी गिरोह काम कर रहा है, इसकी गहरी पड़ताल हो।




---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

Show translation

त्रेता स्वयं को दोहराएगा
द्वापर भी लौट के आएगा
कलयुग को ये भ्रम रहे न
वो आया है तो न जाएगा



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

Show translation

**'सुनिए भाजपाई महापाप लोकगाथा'**

भाजपाई भ्रष्टाचार के कारण आज देश का ये दुर्भाग्य है कि जहाँ भगवान का 'स्तुति-गान' गाँव-गाँव में गूँजता था; आज वहीं भगवान को धोखा देनेवालों की 'निंदा गाथा' गाई जा रही है।



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

सर्व शुभ बड़ा मंगलवार
दर्शन लाभ, प्रेम-प्रसाद



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

Show translation

भाजपा और उसके संगी-साथियों के लिए 'धन' ही 'धर्म' है।

- अयोध्या का महापाप-महाघोटाला
- अपराध में गोरखपुर उप्र में 'नबंर 1'
- PDA आरक्षण 'हक़मारी घोटाला'




---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

Show translation

उप्र के मुख्यमंत्री जी का '24 घंटे बिजली आने के दावों' का ट्रांसफॉर्मर उड़ गया है क्या?

महीने भर से बिजली न आने का रिकॉर्ड बनाने का होर्डिंग सरकार लगवाएगी या जनता?

भाजपा सरकार मतलब भ्रष्टाचार का अंधकार!

#असफल_मुख्यमंत्री_उप्र



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

Show translation

अयोध्या का भंडाफोड़ अधर्मियों के 'शताब्दी समारोह' को '**समाप्ति समारोह**' बना देगा।

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

Show translation

भविष्यवाणी करनेवाले अपनी पार्टी की भविष्यवाणी करें कि उन्हें भाजपा 75 सीट दे रही है 50 या फिर सिर्फ़ आश्वासन।

इन्होंने भाजपा के गठबंधन से 30 सीटें मिलने की अफ़वाह फैलाकर जो पैसा एडवांस लिया है, वो लोग इन्हें ढूँढ रहे हैं।

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh  Boost

Show translation

भाजपा का भ्रष्ट-शासनकाल दुर्भाग्यपूर्ण है, प्रदेश में बननी चाहिए 'IIT'; पर बन रही है 'SIT'।



Following

Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Boost

Show translation

आज 'पीडीए परिवार समारोह' में मिले अभूतपूर्व स्नेह के लिए सभी का हार्दिक धन्यवाद!

मिलने-जुलने से अपनापन और हौसला बढ़ता है। पुराने लोग जुड़ते हैं तो हमारी एकता और एकजुटता और भी बलवती होती है।

हर बड़े का आशीर्वाद और युवाओं का साथ 2027 में नया इतिहास लिखेगा।

#कासगंज_एटा



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Boost

Show translation

पूजा सामग्री महंगी हो गई और चंदा, चढ़ावा, दान चोरी हो रहा है, यही है भाजपाई अमृतकाल।



## महंगाई: पूजन सामग्रियों और मूर्तियों की कीमतों में इजाफा

प्रयागराज। संगमनगरी में एक माह में पूजन सामग्रियों की कीमतों में 20 से 50 प्रतिशत तक का उछाल आया है, जबकि कुछ वस्तुओं के दाम दोगुने हो चुके हैं। चौक के कारोबारी मूलचंद ने बताया कि प्रयागराज में पूजन से जुड़ी ज्यादातर सामग्रियां केरल, कर्नाटक, ओडिशा और गुजरात से आती हैं। बाजार में सबसे अधिक वृद्धि तांबे और पीतल के पात्रों व मूर्तियों में हुई है।

व्यापारी उदय गुप्ता के मुताबिक, अप्रैल में 900 रुपये में बिकने वाली

Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Boost

Show translation

यही हमारा संकल्प है—हर मेहनतकश को सम्मान, हर छोटे व्यवसाय को सुरक्षा और हर परिवार को बेहतर भविष्य क्योंकि जब छोटा आदमी बिना डर के कमायेगा, तभी उत्तर प्रदेश आगे बढ़ पाएगा।

#Vision_India_PDA_Agra_Summit



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Boost

Show translation

समाजवादियों ने तनी हुई बंदूक के सामने अपने हक़ की लड़ाई लड़ने का सबक श्रद्धेय राम मनोहर लोहिया जी से सीखा, जिन्होंने 18 जून 1946 के दिन गोवा में सविनय अवज्ञा के माध्यम से आज़ादी की अलख बलवती करी।

#18_जून_गोवा_क्रांति_दिवस



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Boost

Show translation

हम 'बंधु-राष्ट्र' बनाएंगे!





Akhilesh Yadav @yadavakhile... · 1d

भाजपा बाहर के राज्य के अपराधियों को उप्र में बुलाकर जो वातावरण बिगाड़ रही है वो घोर निंदनीय है। सपा के सांसद श्री राजीव राय के प्रयासों से जन हित में 'मऊ-आनंद विहार ट्रेन' चली है लेकिन उसके उद्घाटन के अवसर पर जानबूझकर माहौल तनावपूर्ण बनाया गया। हंगामा करनेवालों के चेहरों की एआई पहचान-पड़ताल करवाकर तुरंत उनके ख़िलाफ़ मुक़दमा दर्ज़ हो। ये सब हिस्ट्रीशीटर अपराधी हैं, जो प्रदेश में 'आमंत्रित अपराधी' की तरह बेख़ौफ़ घूम रहे हैं।


ये विपक्ष से अधिक उप्र के मुख्यमंत्री जी के लिए चुनौती है कि यूपी 'इंटर-स्टेट' माफ़ियाओं के लिए सराय-आरामगाह बन गया है। अगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मान लिया जाएगा ये सब भाजपा सरकार के इशारे पर हुआ है और **'भाजपाई ही माफ़ियाई हैं'।**

तुरंत कार्रवाई हो!



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Boost

महान स्वतंत्रता सेनानी,जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर शत शत नमन।




Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Boost

Show translation

एक SIT किसी की रिकॉर्ड तोड़ 'अयोध्या' यात्राओं की पड़ताल के लिए भी बनानी चाहिए।

Akhilesh Yadav @yadavakhile... · 3d

ये हैं असंवेदनशील भाजपा सरकार के ग़ैरज़िम्मेदार और अमानवीय प्रयागराज विकास प्राधिकरण का हृदयहीन कारनामा जिसमें प्रयागराज के सिविल लाइंस में PDA समाज की एक महिला का घर और उस घर के अंदर उसकी बेटी को भी सील कर दिया। ये सब उस समय हुआ जब महिला अपने दूसरे बच्चे को परीक्षा दिलवाने बाहर गई हुई थी।

भाजपा नारी वंदना का यही है असली सच। दोषियों का निलंबन हो और सख़्त दंडात्मक कार्रवाई भी।

घोर निंदनीय!

कोई है?



बच्चों का है खेल साइकिल
कभी न मांगे तेल साइकिल
चलती रेलम पेल साइकिल
रखती जग से मेल साइकिल
इसका मालिक रहे सुखारी
साइकिल भी है खूब सवारी
थोड़े दाम काम दे भारी

– श्री उदय प्रताप सिंह
साभार: X@yadavakhilesh



समाजवादी पार्टी
/samajwadiparty
www.samajwadiparty.in
QR कोड स्कैन करें और
वाट्स-एप चैनल से जुड़ें
/Akhilesh Yadav
/Samajwadi Party